# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

## प्रशासन

सं.18/1/2022-adm/133292 दिनांक: 28/10/2025

### कार्यालय ज्ञापन

गृह सचिव, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाई जाएगी।

"राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ" का आयोजन 31 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 11:30 बजे ICMR मुख्यालय, नई दिल्ली के सम्मेलन कक्ष (कक्ष संख्या–301), द्वितीय तल पर किया जाएगा।

परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होवें। जो अधिकारी/कर्मचारी भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं, वे नीचे दिए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक के माध्यम से ऑनलाइन जुड़कर शपथ ग्रहण करें।

इसी प्रकार, सभी **ICMR** संस्थान/केन्द्रों से भी अनुरोध है कि वे अपने-अपने संस्थान/केन्द्रों से उक्त शपथ समारोह में VC लिंक के माध्यम से सम्मिलित हों।

विषय: राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ
समय: 31 अक्टूबर, 2025 (शुक्रवार) प्रातः 11:00 बजे
(मुंबई, कोलकाता, नई दिल्ली समयानुसार)

**Zoom लिंक:**
https://echo.zoom.us/j/83214360527

Meeting ID: 832 1436 0527

(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

1. महानिदेशक/वरि.उपमहानिदेशक (प्रशा.)/वरि.वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. सभी ICMR संस्थानों/केन्द्रों के निदेशक/निदेशक-प्रभारी
3. परिषद के सभी प्रभाग प्रमुख
4. उप महानिदेशक (प्रशा.)/सहायक महानिदेशक
5. सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ लेखा एवं स्थापना अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी/लेखा अधिकारी
6. ICMR मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
7. डॉ. एम.एस. चालगा, वैज्ञानिक-डी – कृपया इसे ICMR वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें

Digitally signed by
Jaibir Singh
Date: 29-10-2025
10:59:40

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
नॉर्थ ब्लॉक / North Block
नई दिल्ली / New Delhi
Kartavya Bhavan - 3 / कर्तव्य भवन-3

सत्यमेव जयते

Pl. Organize
29/x/25
Mr. M. S. Rawat

D.O. No I-19034/09/2025-NI-II

25th October, 2025

Dear Secretary,

I am writing this letter in connection with the observance of 150th birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel on 31st October, 2025. It is a special occasion to re-affirm the inherent strength and resilience of our people to withstand threats to the security, unity and integrity of the country.

2. The Union Home Minister has also written to the Union Ministers to celebrate Rashtriya Ekta Diwas-2025 with great passion and zeal (copy enclosed). To mark the occasion, the Ekta Parade is being organized on 31st October, 2025 at the Statue of Unity, Ekta Nagar, Gujarat, with participation from State Police Forces, the Central Armed Police Forces and NCC cadets. A live play on Sardar Patel will be presented on 30.10.2025 at Ekta Nagar. Further, a 15 days long program (01.11.2025 to 15.11.2025) will also be organized at Ekta Nagar in which all the States/UTs will showcase their tourist attractions/monuments, cultural programmes, food stalls, handicrafts and artisans.

3. As advised by the Union Home Minister in his above mentioned letter, a Pledge taking ceremony may also be organized to mark the occasion. In this regard, the text of the "Rashtriya Ekta Diwas" Pledge is enclosed.

4. I, therefore, request you to give appropriate directions and guidance for the celebration of Rashtriya Ekta Diwas - 2025 in a befitting manner.

With regard,

Yours sincerely,

(Govind Mohan)

Encl.: As above

**The Secretaries to all Ministries/Departments of Government of India**
(As per list attached)

~~Room No. 113, North Block, Central Secretariat, New Delhi-110001~~
~~Phone : +91-11-23093031, 23092989~~. E-mail : hshso@nic.in
New address: Room No. 35101, 5th Floor, Kartavya Bhavan-3, Janpath, New Delhi- 110001, Tel: 011-24010001

अमित शाह
AMIT SHAH

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

अ.शा.पत्र सं. 1-19034/09/2025-एनआई-II
दिनांक: 24 अक्टूबर, 2025

हम सभी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती, 31 अक्टूबर को, पूरे देश में बड़े उत्साह और गर्व के साथ **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के रूप में मनाते आ रहे हैं। यह दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि इस वर्ष राष्ट्र **सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती** मना रहा है। सरदार पटेल ने एक **एकजुट, सशक्त और समृद्ध भारत** का स्वप्न देखा था, जिसे उन्होंने अपने अद्भुत नेतृत्व, दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय से यथार्थ रूप प्रदान किया। उनकी इसी प्रेरणा से **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी** ने **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** का भावपूर्ण संकल्प प्रस्तुत किया; एक ऐसा दृष्टिकोण जो भारत की **"एकता में विविधता"** की शाश्वत भावना को प्रत्येक राज्य, भाषा, संस्कृति और परंपरा में सशक्त रूप से जीवंत बनाता है।

इसी उपलक्ष्य में, **31 अक्टूबर 2025** को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात में **'एकता परेड'** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा एनसीसी कैडेटों की भागीदारी होगी। इस वर्ष विशेष रूप से विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की **झाँकियाँ** भी परेड का हिस्सा बनेंगी। एकता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात् **30 अक्टूबर 2025** को एकता नगर में सरदार पटेल पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, **एकता दिवस (31 अक्टूबर 2025)** से लेकर **जनजातीय गौरव दिवस (01 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025)** तक एकता नगर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अपने पर्यटन स्थलों/स्मारकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फूड स्टॉल्स, हस्तशिल्प एवं शिल्पकारों का प्रदर्शन करेंगे।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि **31 अक्टूबर, 2025** को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु अपने प्रशासन को उचित **निर्देश, मार्गदर्शन और सहयोग** प्रदान करें। 31 अक्टूबर, 2025 को एकता दिवस को मनाने हेतु अन्य उपयुक्त कार्यक्रम के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं:

लगातार ....

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई–मेल : hm@nic.in

(i) **राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह** का आयोजन किया जा सकता है। **'एकता दिवस'** प्रतिज्ञा का पाठ संलग्न है।
(ii) पूरे देश में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों के सहयोग से, उचित स्थानों पर **'रन फॉर यूनिटी'** का भी आयोजन किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** को पूरे उत्साह, ऊर्जा और सहभागिता के साथ मनाया जाए, ताकि यह आयोजन **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** की भावना को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करे और सरदार पटेल जी की **150वीं जयंती** को एक **भव्य, प्रेरक और जन सहभागिता से परिपूर्ण** उत्सव के रूप में स्मरणीय बनाए।

**सादर,**

आपका,

**(अमित शाह)**

सभी केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के केंद्रीय मंत्री

गृह मंत्री का कार्यालय
जारी किया
24 OCT 2025
ISSUED
Home Minister's Office

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.